Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:01 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



ऋतिक रोशन ने जूनियर...पेज-3 पर

हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 293 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. मंगलवार, 21 मई 2024

## News कॉर्नर

### ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का वांछित को दबोचा

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है । पुलिस के मुताबिक एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने को निर्देशित किया है। इसी के तहत थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने थाना रुद्रपुर में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 184/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित दुर्वेश कुमार रस्तोगी पुत्र अनिल कुमार रस्तोगी निवासी ग्राम असलिया भोज थाना बहेडी जिला बरेली यूपी हाल निवासी ट्रांजिट कैम्प को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर हल्द्वानी जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक के अलावा हेड कांस्टेबल संतोष प्रसाद, हेड कांस्टेबल चंद्र शेखर टाकुली, अर्जुन पाल शामिल रहे।

### आईपीएल का पहला क्वालिफायर मैच आज

**अहमदाबाद।** केकेआर इस साल आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी, जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया था। बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइटराइडर्स का सामना आईपीएल के पहले क्वालिफायर में मंगलवार को इस सत्र में रनों का अंबार लगाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से होगा। दोनों ही टीमों ने इस सत्र में आक्रामक खेल दिखाया। इस मुकाबले में जो टीम जीतेगी वह सीधे 26 मई को चेन्नई में होने वाले फाइनल में प्रवेश करेगी, जबकि हारने वाली टीम को एलिमिनेटर की विजेता टीम के साथ दूसरे क्वालिफायर के रूप में फाइनल प्रवेश का एक मौका और मिलेगा।

# यमुनोत्री में अब 60 मिनट में दर्शन कर लौटना होगा

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

यमुनोत्री पैदल मार्ग पर आवाजाही को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जानकीचट्टी से यमुनोत्री तक घोड़े-खच्चर एवं डंडी के आवागमन के लिए अधिकतम संख्या और समयावधि तय कर दी है।

वहीं घोड़ा-खच्चर और डंडी-कंडी से यमुनोत्री जाने वाले यात्री को 60 मिनट में दर्शन कर लौटना होगा। ऐसा नहीं होने पर संचालक बिना यात्री को लिए ही वापस आ जाएंगे। डीएम के आदेश के अनुसार जानकीचट्टी से यमुनोत्री एवं यमुनोत्री से जानकीचट्टी आने-जाने वाले घोड़े-खच्चरों की संख्या अधिकतम 800 तय कर दी गई है।



इस मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के आवागमन का समय सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक ही होगा। 800 घोड़े खच्चरों के राउंड पूरे होने पर जानकीचट्टी से उसी अनुपात में घोड़े खच्चर भेजे जाएंगे जिस अनुपात से यह यमुनोत्री से वापस आएंगे।

प्रत्येक घोड़े-खच्चर के प्रस्थान, यात्री के दर्शन तथा वापसी के लिए भी प्रशासन ने पांच घंटे की समयावधि तय की है। पांच घंटे से अधिक समय तक कोई भी घोड़ा-खच्चर यात्रा मार्ग पर नहीं रहेगा। घोड़ा-खच्चर का संचालन प्रीपेड काउंटर से होगा। पर्ची भी वहीं काटी जाएगी और वहीं पर भुगतान किया जाएगा।

इसकी जानकारी यात्री को लाउडस्पीकर से दी जाएगी। वहीं डीएम के आदेश में जानकीचट्टी से यमुनोत्री आने-जाने वाली डंडी-कंडी की अधिकतम संख्या 300 तय की गई है। इनके आवागमन का समय सुबह 4 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया जाता है।

### रात आठ बजे के बाद नहीं जा पाएंगे गंगोत्री व यमुनोत्री धाम

चारधाम यात्रा को लेकर उत्तरकाशी पुलिस ने यात्रा को लेकर एसओपी (विशेष कार्य योजना) जारी की है। जिसके तहत अब रात आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम नहीं जाने दिया जाएगा। वहीं, शाम पांच बजे बाद कोई भी यात्री एसपी अर्पण यदुवंशी की ओर से जारी एसओपी के अनुसार गंगोत्री धाम जाने वाले वाहनों को रात आठ बजे बाद नहीं भेजा जाएगा।

### कांग्रेस ने 60 साल बर्बाद किए

# पांचवें चरण में इंडी गठबंधन परास्त हो चुका: पीएम मोदी

**पटना**
**एजेंसी**

पीएम मोदी मंगलवार देर शाम पटना पहुंचे थे। पीएम दिवंगत सुशील मोदी के परिजनों से मिले। इसके बाद पहली बार भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद रात में राजभवन में विश्राम किया।

साथियों इन दिनों मुझे देश के कोने-कोने में देश वासियों के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। पूरे देश में मैं मातृ शक्ति का जो जज्बा और प्यार देख रहा हूं, हमारे नौजवानों का जो उत्साह देख रहा हूं। गांव हो, गरीब हो, किसान हो एक प्रकार से सारा देश देश के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध हो चुका है। मैं भी आपको गारंटी देता हूं कि मैं आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा, पहले से भी ज्यादा मेहनत करूंगा। क्योंकि मुझे आपके भविष्य के लिए, आपके बच्चों के भविष्य के लिए विकसित बिहार बनाना है विकसित भारत बनाना है। बिहार के महाराजगंज में पीएम मोदी ने कहा कि इस पवित्र धरती पर हम रउआ लोगन के वंदन-अभिनंदन करता नी। महाराजगंज ने सीवान ने अपने जोश से पूरे भारत में संदेश दे दिया है 'फिर एक बार मोदी सरकार'। मैं आज इतनी तादाद में माताओं-बहनों को देखकर खुश हूं। आपका यह आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी ऊर्जा है। काम से वक्त निकालकर यहां हमें आशीर्वाद देने आई हैं, जीवन में इससे बड़ा सौभाग्य क्या होता है।



पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज वाले आरक्षण और संविधान के बारे में दिन-रात झूठ बोल रहे। सच्चाई यह है कि अगर बाबा साहेब नहीं होते तो एससी और एसटी को आरक्षण नहीं मिलता। नेहरू जी ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर विरोध किया था। कांग्रेस आरक्षण विरोधी है। इसलिए आज सिर्फ एक ही वोट बैंक उनके पास है। वह लोग धर्म के आधर पर आरक्षण छीन कर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यह लोग नहीं आए। उन्होंने निमंत्रण ठुकरा दिया। यह ऐसे लोग हैं, एक इंसान जिस पर अदालत ने चोरी करने के गुनाह में सजा सुनाई है।

# धाम में अब गर्भगृह से दर्शन शुरू, खास लोगों को ही वरीयता देने पर तीर्थपुरोहितों ने किया था विरोध

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

केदारनाथ धाम में आम श्रद्धालुओं को सभामंडप से दर्शन कराने पर तीर्थपुरोहितों ने भारी विरोध किया, जिसके बाद आज से आम श्रद्धालुओं के लिए भी केदारनाथ में गर्भगृह से दर्शन शुरू कर दिए गए हैं।

केदारनाथ में गर्भगृह से दर्शन शुरू हो गए हैं। आज मंगलवार सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जा रहे हैं। बीकेटीसी के कार्याधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि तीर्थपुरोहितों के धरना-प्रदर्शन के बाद मंगलवार से गर्भगृह से दर्शन शुरू कर दिए गए हैं। केदारनाथ में गर्भगृह से दर्शन कराने की मांग को लेकर केदार सभा ने केदारनाथ में नारेबाजी के साथ चार घंटे तक प्रदर्शन किया था। कहना था कि श्रीबद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति धाम में अपनी मनमानी चला रही है। हेलिकॉप्टर से धाम आने वाले खास लोगों को वरीयता दी जा रही है। जबकि आम श्रद्धालुओं को सभामंडप से दर्शन कराए जा रहे हैं, जो उचित नहीं है।

कहा कि, मंगलवार से अगर गर्भगृह से दर्शन व्यवस्था शुरू नहीं कि गई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जरूरी हुआ तो केदारपुरी बंद पर भी विचार किया जाएगा।सोमवार को दोपहर बाद लगभग एक बजे केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में तीर्थपुरोहित एकत्रित हुए। उन्होंने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह से श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू की।



# अमित शाह के बयान पर भड़के सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। अमित शाह पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आपको प्रधानमंत्री ने अपना वारिस चुना है। अभी से अहंकार हो गया। अहंकार कम कीजिए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि 5वें चरण का चुनाव खत्म हो गया है और जैसे-जैस चुनाव होते जा रहे हैं वैसे-वैसे साफ होता जा रहा है कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। कई लोगों ने सर्वे किए हैं। इसमें निकलकर आया है कि इंडिया गठबंधन को अपने दम पर 300 से ज्यादा सीट मिल रही हैं। साफ सुथरी और स्थायी सरकार बनेगी। कल अमित शाह दिल्ली में आए। उनकी सभा में 500 से भी कम लोग थे। उन्होंने देश के लोगों को गाली दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सपोर्टर पाकिस्तानी हैं। दिल्ली में 70 में से 62 सीट, पंजाब में 117 में 92 सीट, गुजरात में 14 प्रतिशत वोट दिया। गोवा, यूपी, आसाम में आम आदमी पार्टी को वोट मिला।

इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। कई लोगों ने सर्वे किए हैं। इसमें निकलकर आया है कि इंडिया गठबंधन को अपने दम पर 300 से ज्यादा सीट मिल रही हैं। साफ सुथरी और स्थायी सरकार बनेगी। उनकी सभा में 500 से भी कम लोग थे।

# पंजीकरण रद्द होने से नाराज यात्री सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में बैठे

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

यात्रा पंजीकरण रद्द होने से आक्रोशित यात्रियों ने हरिद्वार सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में ही डेरा डाल दिया है। यात्री वापस जाने को तैयार नहीं है। 300 से ज्यादा यात्री यहां फंसे हैं। जो इस बार अड़े हैं कि वह बिना यात्रा पूरी किए नहीं लौटेंगे।

चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर 31 मई तक रोक रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को समीक्षा बैठक में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन स्थगित रखने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि चारों धामों में निर्धारित संख्या के हिसाब से ही श्रद्धालुओं को भेजा जाए।

जो श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें राज्य के अन्य धार्मिक, पौराणिक और पर्यटक स्थलों पर जाने के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्हें साफ कर दिया जाए कि चारों धामों में निर्धारित संख्या व तय मानकों के अनुसार ही दर्शन के लिए भेजा जाएगा।



मुख्यमंत्री ने गढ़वाल कमिश्नर और आईजी को इसका डायवर्जन प्लान बनाने के निर्देश दिए है। चारधाम यात्रा के लिए भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखे जाने के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि चारों धामों में श्रद्धालुओं की जो संख्या निर्धारित की गई है उसके अनुसार ही श्रद्धालुओं को भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने टूर ऑपरेटरों के लिए भी एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टूर ऑपरेटर्स को ताकीद करें कि वे पर्यटन विभाग से समन्वय बनाकर ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए लाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 दिनों में चारधाम यात्रा के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं जो कमियां और दिक्कतें सामने आई हैं उनका विश्लेषण किया जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि वे 10 दिन के विश्लेषण के साथ ही दिक्कतों के समाधान की रिपोर्ट दें। रिपोर्ट में यात्रा प्रबंधन के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों का भी जिक्र हो।

सीएम ने कहा कि केदारनाथ और यमुनोत्री में शासन और पुलिस के जिन अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है वे निरंतर फील्ड में रहें और व्यवस्थाओं में जिलाधिकारी और पुलिस का सहयोग करें। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त चिकित्सकों और दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें। उन्होंने ताकीद किया कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें।

# अंतराज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान अंतराज्यीय वाहन चोर गैंग के तीन सदस्यों को चोरी की बाईकों के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दो अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गए। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर करतारपुर रोड झाड़ियों से 12 और चोरी की बाईकें बरामद की। सोमवार को

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बाईक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सीओ सदर निहारिका तोमर और कोतवाल धीरेंद्र कुमार की मॉनिटरिंग में टीम का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। उसमें कई संदिग्ध दिखाई दिए।



उन्होंने बताया कि टीम ने रामपुर हाईवे स्थित प्रीत बिहार कॉलोनी मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस को देख दो बाइकों पर पांच युवक भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को दबोच लिया,जबकि दो आरोपी फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना नाम मोहल्ला टांडा हुरमत नगर बिलासपुर यूपी निवासी नदीम मोहम्मद,खेड़ा वार्ड 19 वाल्मीकि बस्ती रूद्रपुर निवासी अमन कुमार और आकाश वाल्मीकि बताया। पुलिस के मुताबिक तीनों के पास मिली बाईकें चोरी की निकली और उनकी निशानदेही पर करतारपुर रोड झाड़ियों से 12 चोरी की बाइकें बरामद की। पूछताछ में आरोपी अमन ने बताया कि वह वन विभाग में दैनिक भोगी मजदूरी पर कार्य करता है,जबकि आकाश बाल्मीकि नगर निगम रुद्रपुर में पर्यावरण मित्र का कार्य करता है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की। एसएसपी के मुताबिक मौके से फरार गुरजंत, विपिन थाना बिलासपुर के निवासी हैं। दोनों की गिरफ्तारी को पुलिस कार्रवाई कर रही। एसएसपी ने टीम को 2500 रुपये का ईनाम देने का घोषणा की। इस दौरान एसपी क्राइम चंदशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल आदि मौजूद रहे।

टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एसआई विकास कुमार, एसआई दीपक कौशिक,एसआई जितेन्द्र कुमार, एएसआई नवीन जोशी, हेड कांस्टेबल राजेंद्र अधिकारी, अमित जोशी, महेंद्र कुमार, जगदीश पाठक, अमित कुमार आदि शामिल रहे।

### उत्तराखंड के साथ साथ यूपी से भी चुराते थे वाहन

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार वाहन चोर उत्तराखंड के कई शहरों के अलावा यूपी से बाईकें चोरी करते थे। चोरी करने के बाद मजबूरी बता कर सस्ते में बेच देते थे। पुलिस तीनों का अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## पालिका की टीम ने पीआरडी जवानों के साथ हटाया अतिक्रमण

**नैनीताल।** नगर में पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को पालिका की टीम ने बाजार क्षेत्र में पीआरडी जवानों के साथ अतिक्रमण हटाया। बता दें कि पालिका की ओर से पर्यटन सीजन को देखते हुए बाजार को व्यवस्थित करने का अभियान शुरू कर दिया है।

जिसके चलते ईओ अतुल भंडारी के निर्देश पर पालिका की टीम ने सोमवार को मल्लीताल बाजार में अभियान चलाया। अभियान के दौरान पालिका की ओर से बाजार में दुकानों का सामान बाहर होने पर दुकानदारों को फटकार लगाई और अतिक्रमण हटाया। ईओ अतुल भंडारी ने बताया कि अभियान जारी है। दुकानदारों व बाहरी लोगों की ओर से सडकों व गलियों में किये जा रहे अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। अतिक्रमण नहीं हटने पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।



## 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं व अभिभावकों को किया सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के जीजीआईसी भवाली में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं और उनके अभिभावकों को सोमवार को एक समारोह में व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे ने सम्मानित किया।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ रश्मि परिहार द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे ने कहा कि छात्राएं अपने कठिन परिश्रम और अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन से बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और भवाली का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्यापिकाओं की कमी के बाद भी अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चलाया जा रहा है इसके लिए प्रधानाचार्य रेखा आर्य और सभी अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर प्रधानाचार्य रेखा आर्य द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी विभाग का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया और नई अभिभावक संघ का गठन किया गया। प्रधानाचार्य रेखा आर्य द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी अभिभावको का स्वागत और आभार व्यक्त किया और नयी अभिभावक संघ का गठन किया गया ।

## जिला बार एसोसिएशन की सदस्यों की सहमति पर आम सभा आहूत की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला बार सभा कक्ष में सोमवार को जिला बार एसोसिएशन की सदस्यों की सर्व सहमति पर आम सभा आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव हुआ कि जिला बार के नई कार्यकारिणी में गठन होने तक शरद चंद्र शाह जिला बार में कार्यकारिणी अध्यक्ष रहेंगे और उनके निर्देशों में जिला बार एसोसिएशन से संबंधित एसोसिएशन समस्त कार्यों का निर्वहन करेंगे। सभा में सर्व सहमति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिला बार की नई कार्यकारिणी में गठन हेतु नीरज शाह को चुनाव अधिकारी व दीपक रुवाली को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, दोनों अधिकारियों द्वारा निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्य यथाशीघ्र संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश द्वारा किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योति प्रकाश समेत गिरीश खोलिया, पंकज कुलौरा, तरुण चंद्र, प्रदीप परगाई, अनिल हरनवाल, हितेश पाठक, पंकज कुमार, अनिल बिष्ट, शंकर चौहान, भगवत जंतवाल, कैलाश बलुटिया, नागेंद्र बर्गली, रवि कनवाल ललित रावत तसलीम सलमानी मनोज लोहानी तथा पुलक अग्रवाल आदि बार के सदस्यगण मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### गश्त के बाद भी सड़क पर पार्क कर रहे वाहन

**नैनीताल।** ठीक ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में नगर में सड़क किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। बता दें कि नगर के नैनीताल-हल्द्वानी रोड में जेल गेट से पुराना कूड़ा खड्‌ व मल्लीताल में यूनिवर्सिटी गेट से बारापत्थर तक रोजाना सड़क किनारे वाहन पार्क किए जा रहे हैं यही नहीं सड़क किनारे पार्क वाहन यातायात प्रभावित कर रहे हैं। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि शहर में सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सड़क से वाहन हटाए जाएंगे।

### अतिक्रमणकारियों का तल्लीताल दर्शन घर पार्क में

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल पंत पार्क में अतिक्रमण के बाद अब अतिक्रमणकारियों ने तल्लीताल दर्शन घर पार्क में अड्डा जमा लिया है। रोजाना शाम को कई लोग यहां दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। मामले में ईओ अतुल भंडारी ने बताया कि शहर में हर तरह का अतिक्रमण या अवैध दुकाने हटाई जा रही हैं।

### जबरन रास्ता बंद कर जमीन कब्जाने पर कार्यवाही के निर्देश

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के धारी के मटियाल गांव में दबंग के रास्ता बंद कर दिये जाने का मामला मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। समाजसेवी हेमंत गोनिया ने बताया कि सुनील पंत निवासी ऊंचापुल ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की थी। धारी के मटियाल गांव में एक दबंग ने जबरन रास्ता बंद कर गेट लगा दिया था। इसकी शिकायत पटवारी से भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर सीएम कार्यालय ने डीएम नैनीताल को जांच के निर्देश दिये थे। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। इस मामले में समाजसेवी गोनिया ने भी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। गोनिया के अनुसार सुनील के पास जमीन की रजिस्ट्री दाखिल खारिज आदि कागजात है लेकिन दबंग व्यक्ति सुनील को यहां से भगाकर जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इधर प्रभारी अधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय ने एसएसपी व एसडीएम धामी को इस मामले में नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा है, साथ ही इससे जिलाधिकारी कार्यालय व संबंधित पक्ष को भी अवगत कराने को कहा गया है।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## भूमियाधार क्षेत्र में व्यू प्वाइंट के पास अस्थाई रूप दुकान लगाने वालों ने रोजगार की अनुमति मांगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीप भूमियाधार क्षेत्र में व्यू प्वाइंट के पास अस्थाई रूप से दुकान लगाने वाले ग्रामीणों ने रोजगार करने की अनुमति मांगते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह से मुलाकात की।

उन्होंने गुहार लगाते हुए कहा कि व्यू प्वाइंट के पास अस्थाई दुकानें लगाने वाले लोग ग्राम सभा भूमियाधार के निर्बल व्यक्ति हैं जो अपने परिवार के भरण पोषण हेतु अस्थाई रूप से सूक्ष्म व्यवसाय करते चले आ रहे हैं। ये लोग कोविड 19 तक प्रदेश से बाहर दूरस्थ स्थानों पर अपने परिवार के भरण पोषण हेतु कार्य करते थे लेकिन कोविड 19 के बाद बेरोजगारी के चलते यह लोग नैनीताल के अन्य टूरिस्ट प्वाइंट की भांति व्यू प्वाइंट पर स्वयं सहायता समूह के सहयोग से रोजगार कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि वह यातायात के नियमों का पालन करेंगे और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं करेंगे और शांतिपूर्ण ढंग से बिना अतिक्रमण किए अपनी रोजी रोटी हेतु व्यवसाय करेंगे। अतः उन्हें रोजगार करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपने निजी स्थान पर ही अपना व्यवसाय करें। इस दौरान मीना आर्या, जीवन लाल, श्याम लाल, पूरन चंद्र, हेमचंद्र, पदमा देवी, उमा देवी, कृष्णा आर्या, विपिन, हर्षित, पंकज रंधावा, निश्चय, पवन, शशांक, प्रियांशु, शुभम आर्या, पंकज बिष्ट, रश्मि, मुकुल, आयुष तथा यश आदि मौजूद रहे।

## 31.99 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार न्यायालय पेश करने की तैयारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के समीपवर्ती मंगोली क्षेत्र में पुलिस ने 31.99 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा कर न्यायालय पेश करने की तैयारी की जा रही है। आरोपी बरेली का बड़ा स्मैक तस्कर बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह मंगोली चौकी ईंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान में जुटे हुए थे। इस दौरान कालाढूंगी की ओर से आ रही बाइक पर पीछे बैठा युवक पुलिस को देख उतरकर विपरीत दिशा में भगाने लगा। पुलिस ने जब बाइक चालक को रोक कर पूछताछ की तो उसने बताया कि संबंधित युवक ने कालाढूंगी क्षेत्र से उसे लिफ्ट ली थी। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर भाग रहे युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बरेली से स्मैक की डिलीवरी देने नैनीताल जा रहा था।

पूर्व में भी वह स्मैक नैनीताल तक पहुंचा चुका है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 61 प्रेम नगर कानून गोयान बरेली निवासी कुंवर ललित विजय सिंह के पास 31.99 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## भय व झूठ का सहारा

***भाजपा ने राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा समान नागरिक संहिता लागू करने का वायदा किया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया। कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया। अब समान नागरिक संहिता लागू होना शेष है। तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सत्तारुढ़ होने पर भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता लागू करेगी। इसी लिए कांग्रेस लोगों को डरा रही है कि संविधान में बदलाव किया जायेगा। संविधान में संशोधन होता रहा है। कांग्रेस ने जब 80 बार संशोधन किया तो भाजपा भी राष्ट्र हित व जनहित के लिए संविधान में संशोधन करेगी, यह अनुचित नहीं होगा।***

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आरोप-प्रत्यारोप से दूर रहते हैं। राजनाथ सिंह की आदत अनावश्यक बोलने की नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने अनेक आरोप लगाये हैं। प्रधानमंत्री और अन्य नेता जवाब देने में देरी नहीं कर रहे हैं। राजनाथ सिंह पर किसी ने आरोप नहीं लगाया। राजनाथ सिंह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। आरएसएस के स्वयं सेवक हैं। केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के बाद दूसरे नंबर के नेता हैं। राजनाथ सिंह ने एक साक्षात्कार में स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार कभी भी संविधान नहीं बदलेगी और आरक्षण खत्म नहीं करेगी। कांग्रेस भय पैदा करके वोट बैंक की राजनीति के लिए झूठा प्रचार कर रही है। राजनाथ सिंह ने विपक्ष को बेनकाब करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान में 80 बार संशोधन किये और आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में बदलाव तक किया, जबकि भाजपा संविधान की प्रस्तावना नहीं बदलेगी। सच यह है कि कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को हमेशा वोट बैंक समझा। दलितों को आरक्षण से वोट लेने का जरिया बनाकर रखा। बहुसंख्यकों की उपेक्षा की गई। अब भाजपा को बहुसंख्यकों का समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस वोट के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। भाजपा दो बार बहुमत हासिल करके केन्द्र में सत्तारुढ़ है और तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने का दावा कर रही है। राजनाथ सिंह ने यह जरूर कहा है कि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता तथा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर अमल करेगी। नब्बे के दशक में राम मंदिर आंदोलन जब चरम पर था तो भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने तीन मुद्दे उठाये थे। भाजपा ने राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा समान नागरिक संहिता लागू करने का वायदा किया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया। कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया। अब समान नागरिक संहिता लागू होना शेष है। तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सत्तारुढ़ होने पर भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता लागू करेगी। इसी लिए कांग्रेस लोगों को डरा रही है कि संविधान में बदलाव किया जायेगा। संविधान में संशोधन होता रहा है। कांग्रेस ने जब 80 बार संशोधन किया तो भाजपा भी राष्ट्रहित व जनहित के लिए संविधान में संशोधन करेगी, यह अनुचित नहीं होगा। राजनाथ सिंह ने चुनाव के बीच में ही समान नागरिक संहिता की बात कह कर सच बोला है। झूठ बोलकर वोट लेने का काम नहीं किया है, जबकि कांग्रेस चुनाव में कुछ कहती रही है और सत्ता में आने पर अलग करती है, इसी लिए जनता ने उसे सत्ता से बेदखल किया है।

# कुमाऊं विवि में ऑनलाइन एसएसबी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय में सोमवार को ऑनलाइन एसएसबी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रो. रावत ने कहा कि आज हमारे विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। हम एक अग्रणी पहल शुरू कर रहे हैं जिसका उद्देश्य आपको सशक्त बनाना और सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) की जटिलताओं को समझना है जो हमारे भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने का प्रवेश द्वार है।

सशस्त्र बलों में कैरियर केवल एक नौकरी नहीं है बल्कि एक महान आह्वान है जो सम्मान व साहस और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों के साथ गहराई से जुडा हुआ है। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए अद्वितीय अवसर तथा दूसरों का नेतृत्व करने और प्रेरित करने का मौका और हमारे देश की सेवा करने की गहन संतुष्टि प्रदान करता है। हमारे



क्षेत्र उत्तराखंड में एक गौरवशाली सैन्य परंपरा है जिसने अनगिनत बहादुर सैनिकों को देश को सौपा है जिन्होंने हमारे देश की विशिष्ट सेवा की है। यह कार्यक्रम उस विरासत का सम्मान करता है और हमारे राज्य के युवाओं की अगली पीढ़ी को प्रोत्साहित करना चाहता है।

यह कार्यक्रम प्रारंभिक ऑनलाइन चरण में तत्पश्चात सात दिवसीय गहन इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण व्यवस्था के रूप में होगाए जिसे पूर्ण एसएसबी अनुभव को प्रतिबिंबित करने के लिए डिजाइन किया गया है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं के बाद ऑफलाइन कार्यक्रम आपको एसएसबी प्रक्रिया की पूरी समझ और पूरा अनुभव प्रदान करेगा जिससे आपकी सफलता की संभावना अधिकतम हो जाएगी। मुझे उम्मीद है कि यह कार्यक्रम आपको एसएसबी में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करेगा और सम्मान और विशिष्टता के साथ राष्ट्र की सेवा करने के आपके लक्ष्य के करीब पहुंचेगा। इस अवसर को समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार करेंए और इसे सशस्त्र बलों में एक पूर्ण और प्रतिष्ठित कैरियर के लिए पहला कदम उठाये।

विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो ललित तिवारी द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति तथा विजिटिंद प्रोफेसर का स्वागत और अभिनंदन किया गया। उन्होंने छात्रों को उस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम के समन्वयक रीतेश साह ने बताया कि यह ऑनलाइन कार्यक्रम पांच दिवसीय एसएसबी प्रक्रिया को जानने का अवसर प्रदान करेगा। पहला दिन स्क्रीनिंग के लिए समर्पित है उसके बाद चार दिन मनोवैज्ञानिक परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार और समूह कार्य होते है। इन चार दिनों में आपको प्रक्रिया को जानने का अवसर प्राप्त होगा जिसे बाद में हमारे पूर्ण पाठ्यक्रम में विस्तारित किया जाएगा। उन्होने बताया कि मार्गदर्शन करने के लिए अनुभवी रक्षा अधिकारी भी जुड़े हुए हैं। ग्रुप कैप्टन संदीप मोहन पहले दो दिनों में एसएसबी प्रक्रिया, व्यक्तित्व पहलुओं और साक्षात्कार तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कर्नल डी.के. रावल अगले दो दिनों प्रशिक्षित करेंगे और मनोवैज्ञानिक और जीटीओ पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

इस मौके पर कर्नल डी.के. रावल व ग्रुप कैप्टन संदीप मोहन ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जुडने के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टेन संदीप मोहन ने विद्यार्थियों को एसएसबी की प्रक्रिया तथा व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों, नैतिक मूल्य तथा दृष्टिकोण व प्रोब्लम सोल्विंग आदि विषयों में विस्तृत जानकारी दी जिससे आने वाले दिनों में विद्यार्थी अपने को सही प्रकार से तैयार कर सकें। कार्यक्रम में डीएसबी परिसर नैनीताल के अलावा अन्य महाविद्यालयों की विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## शराब की दुकान बंद करने की मांग पर महिलाओं ने दिया धरना

**अल्मोड़ा।** काफलीखान में शराब की दुकान बंद करने की मांग पर क्षेत्र की महिलाओं ने तहसील पहुंचकर धरना दिया। उन्होंने कहा शराब की दुकान खोलने से क्षेत्र में अराजकता का माहौल है। सोमवार को महिलाओं और अन्य लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कहा कि चौराहे पर शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र में अराजकता का माहौल बन रहा है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फार्म में एम/एस तनुजा इंफ्राटेक आफिस जज फार्म रामपुर रोड हल्द्वानी की भागीदारी से दि.12 अप्रैल 2023 से श्री संजय पांडे हट गये हैं तथा 12 अप्रैल 2023 से श्री लक्ष्मी दत्त शर्मा, श्री योगेश तिवारी व श्री उमेश पनेरू भागीदारी में सम्मिलित हो गये हैं। यदि उपरोक्त परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशित होने से 15 दिनों के भीतर कार्यालय उपनिबंधक फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स हीरानगर हल्द्वानी में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। -

**ओमप्रकाश शर्मा, भागीदार**

## ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप के विजेता छात्रों को किया सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 18 तथा 19 मई 2024 को मध्य साई काशीपुर में आयोजित उत्तराखण्ड ताइक्कांडो स्टेट चैंपियनशिप के विजेता छात्रों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि सीनियर गवर्नमेंट काउंसिल गवर्नमेंट आफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया(साई) की खेल की लीगल एडवाइजर गीतांजलि शर्मा थी जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने की।

बता दें कि इस ताइक्कांडो स्टेट चैंपियनशिप में उत्तराखण्ड प्रान्त के सभी जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के 13 छात्रों ने भी हिस्सा लिया था। विद्यालय के प्रद्युम्न बघेल 26 किग्रा, यश चौधरी 68 किग्रा तथा तनिष्क पलडिया ने 54 किग्रा और अथर्व चौहान ने 35 किग्रा भार वर्ग की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा शाश्वत चौहान और अरनव सिंह ने सिल्वर और युवराज भण्डारी तथा यथार्थ शुक्लाए के0 के0 बंसल, सजल, तेजस और कृतार्थ त्रिपाठी ने कास्य पदक प्राप्त किया था।

समारोह में विद्यालय ताइक्कांडो टीम के कोच अमित को जहां मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय द्वारा दिये गये द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया वही सभी विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीतांजलि शर्मा ने कहा कि प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्रों में अनुशासन व संस्कार समाये हुए हैं इसीलिए विद्यालय के छात्र पढाई के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी चतुर्दिक उपलब्धि प्राप्त करते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं होते यही कारण है कि सभी क्षेत्रों में विद्यालय अपनी ध्वज पताका फहराता है साथ ही आपने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में छात्र प्रधान मंत्री अनुपम सहित विद्यालय के सभी छात्र व आचार्य उपस्थित थे। संचालन अंग्रेजी विषय के आचार्य निर्दोश शर्मा ने किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी डॉ0 माधव प्रसाद सनातनी समेत अन्य गुरुजन व छात्र मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## ऋतिक रोशन ने जूनियर एनटीआर को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई




*वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। हाल ही में जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर उनके साथी कलाकार ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। तेलुगु अभिनेता जूनियर एनटीआर 20 मई को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। फैंस के साथ तमाम फिल्मी सितारों ने इस खास मौके पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। इस लिस्ट में ऋतिक रोशन का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में अभिनेता ने वॉर 2 के अपने सह कलाकार को खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। ऋतिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं तारक...सूर्य का एक और अविश्वसनीय चक्कर पूरा हुआ। इस बार हम साथ घूमेंगे। मुझे आशा है कि इसके अंत तक मास्टर को रसोई में अपने छात्र पर गर्व होगा। हाहा। स्वस्थ रहें। खुश रहें। इस पोस्ट पर एनटीआर जूनियर गर्मजोशी के साथ जवाब दिया। उन्होंने लिखा, बहुत बहुत धन्यवाद सर। आपके साथ सेट पर सौहार्दपूर्ण युद्ध हुआ। वापस आने और आपके साथ सूर्य के चारों ओर घूमने का अब और इंतजार नहीं कर सकता... ।*

### अयान मुखर्जी ने कर रहे फिल्म का निर्देशन

*वॉर फ्रेंचाइजी की बात करें तो इसके पहले भाग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था, वहीं इसका सीक्वल अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रहा है। फिल्म में जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं। हालांकि, उनके किरदार को लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आ सकी है।*

## मुख्य शिक्षाधिकारी नैनीताल ने जारी किये आदेश

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में रोजाना में डेंगू व चिकनगुनिया के कारण व बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य शिक्षाधिकारी जगमोहन सोनी ने जिले भर के खंड व उप शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं।

मुख्य शिक्षाधिकारी सोनी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बीती 13 मई को मुख्य चिकित्साधिकारी ने बैठक लेकर जिले में डेंगू व चिकनगुनिया के रोगियों के बढ़ने की संभावना को देखते हुए इसकी रोकथाम के निर्देश दिए थे। इसके तहत अब विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को डेंगू व चिकनगुनिया के कारण व बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापकों को इस संबंध में अवगत कराने को कहा है।

### शिक्षकों ने स्थानांतरण के आवेदन डाक से भेजे तो होंगे अस्वीकार

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापकों के स्थानांतरण हेतु आवेदन पत्र जमा किए जाने को लेकर मुख्यालय ने आदेश जारी किए हैं। संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल कुमार सती की ओर से प्रदेश भर के मुख्य शिक्षाधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि शिक्षक अपने स्थानांतरण आवेदन पत्र सीधे या पंजीकृत डाक के माध्यम से निदेशालय को भेजे रहे हैं जो उचित नहीं है। ऐसे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में शिक्षकों को अवगत कराने को कहा गया है। नियमानुसार स्थानांतरण आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से शिक्षा निदेशालय को भेजे जाएंगे।

News कॉर्नर

## सिविर लाइन लीक होने के कारण पेयजल समस्या बनी

नैनीताल। एडीबी की ओर से बिछाई गई सिविर लाइन लीक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या बनी हुई है। दो दिन बीत जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का पानी आ रहा है,जिससे बेलुवाखान तथा नैना गाँव और रिया क्षेत्र में पेयजल समस्या बनी हुई । पेयजल समस्या को दूर करने के लिए, सोमवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने एडीबी के परियोजना निदेशक नीरज उपाध्याय को चार दिन के भीतर 60 कर्मचारी लगाकर सभी जल स्रोतों के चैम्बर सफाई कर स्थानांतरित करने और पाइप लाइन बदलने के निर्देश दिए हैं और एडीबी को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए हैं,साथ ही कहा कि किसी प्रकार की कोई महामारी फैलने पर इसकी जिम्मेदारी एडीबी की होगी। ज्ञापन देने वालों में ज्योति प्रकाश, हितेश चंद्रा,मनोज कुमार,राजीव बिष्ट तथा गजेंद्र बर्गली आदि लोग मौजूद थे।

## युवक पर गाली गलौज कर मारपीट का आरोप

रुद्रपुर। एक युवती ने एक व्यक्ति पर रास्ते में रोक कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने और मोबाइल छीन कर जमीन पर पटक कर तोड़ने का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि 8 मई2024 को शाम 6 बजे काशीपुर रोड फ्लाई ओवर से आ रही। आरोप है कि इसी बीच रोड पर एक व्यक्ति जिसका नाम गुरजीत सिंह निवासी - सिविल लाईन रूद्रपुर ने उसको रोक लिया और उससे गाली गलौच करते हुए मारपीट की।

# उच्च न्यायालय को सुविधाओं के नाम पर स्थापित करने की कवायद

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के नैनीताल नगर अध्यक्ष शाकिर अली ने कहा कि नैनीताल नगर से उच्च न्यायालय को सुविधाओं के नाम पर मैदानी क्षेत्र में स्थापित करने के जो प्रयास चल रहे हैं उससे इस दो दशक पुराने राज्य की स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पर्यटक स्थल जिसे सुनियोजित तरीके से अंग्रेजी शासन काल में अंग्रेजों द्वारा बसाया गया था जो छोटी विलायत के नाम से भी जाना जाता था, उस नगर में सुविधाओं के नाम पर जब उच्च न्यायालय को मैदानी क्षेत्र में बसाये जाने की कवायद चल रही है तो इससे साफ पता चलता है कि इन दो दशकों में उत्तराखण्ड का कितना विकास अब तक की सरकारों द्वारा किया है, कहा कि 13 जिलों के उत्तराखण्ड राज्य की बदहाली की कहानी यह उच्च न्यायालय को मैदानी क्षेत्र में स्थापित किये जाने की कवायद से पता चलती है।

शाकिर अली ने कहा कि जब उत्तराखण्ड के नंबर दो के नगर नैनीताल की ये कहानी है तो आप कल्पना कर सकते हैं कि उत्तराखंड के दूरस्थ नगर कस्बों और गांवों की क्या स्थिति होगी? कहा कि ये राज्य मात्र तीन जिलों ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून जिलों के विकास के लिए नहीं मांगा गया था यह राज्य पहाड़ के अन्य पर्वतीय जिलों के विकास के लिए भी मांगा गया था परन्तु आज दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ये हो गई है कि इतने लंम्बे संघर्ष और बलिदान के बाद भी आज पूरे राज्य में प्रदेश की राजधानी और उच्च न्यायालय के लिए ही सुविधाओं को जुटाने के लिए ही बात की जा रही है उन मूलभूत मुद्दों पर बात ही नहीं की जा रही है जिसके लिए इस राज्य की स्थापना की गई थी।

राज्य आंदोलनकारी शाकिर अली ने कहा कि अगर राज्य का सही मायनों में विकास करना है तो प्रदेश की सरकार में इच्छा शक्ति और ईमानदारी होनी चाहिए कि पहाड़ का विकास देहरादून और नैनीताल जैसे शहरों में बैठकर नहीं वरन् पर्वतीय क्षेत्रों में राजधानी और उच्च न्यायालय की स्थापना के बाद ही हो सकता है जब प्रदेश के मंत्री व विधायक और नौकरशाह पहाड़ में रहकर पहाड़ की समस्याओं और वहां की पीड़ा को नजदीकी से देख सकते हैं ना कि देहरादून के वातानुकूलित कमरों में बैठक करके। इसका जीता जागता उदाहरण अभी उत्तराखण्ड के जंगलों में लगी भीषण आग से ही पता चलता है कि इतने लोगों की मौतों और वन सम्पदा के नुकसान के बात भी मात्र देहरादून में बैठकों के माध्यम से सरकार और संबंधित अधिकारियों ने अपनी इतिश्री कर ली है।

कहा कि अब समय आ गया है कि जब इन ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर बात हो नहीं तो राज्य की मूल अवधारणा को खत्म करने की ये एक बहुत बड़ी साजिश होगी जिसे उत्तराखंड की जनता और प्रदेश की सत्तारूढ़ सरकार और अन्य राजनैतिक सामाजिक संगठनों को समझना होगा।

# टीपीनगर गेट बंद करने से भड़के ट्रांसपोर्टर सिटी मजिस्ट्रेट से मिले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड देवभूमि ट्रक आनर्स महासंघ से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने पुलिस की मनमानी के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ट्रांसपोर्टरों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि बीती 18 मई की रात यातायातनगर चौकी पुलिस ने टीपीनगर के तीनों गेटों को बंद कर दिया था जिससे यातायात नगर में ट्रांसपोर्ट व्यसायियों के ट्रक खड़े हो गये। इस कारण कच्चे माल और अन्य वस्तुएं के भरे ट्रक खड़े होने से ट्रांसपोर्टरों को आर्थिक नुकसान भी हुआ है। जानकारी लेने पर पुलिस ने बताया कि पर्यटक सीजन होने के कारण गेट बंद किये गये हैं। महासंघ ने इस तरह की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। ट्रांसपोर्टरों ने टीपीनगर के गेट नंबर-तीन में भीड़भाड़ अधिक होने के कारण वहां ट्रैफिक पुलिस कर्मी की तैनाती किये जाने की मांग की। उनका कहना था कि इस गेट पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसमें ट्रैफिक सिपाही की स्थाई रूप से सुबह और शाम के समय तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि गेट नंबर 3 जो की मंडी बाईपास से लिंक होकर गोलापार बाईपास पर बरेली रोड पर मिलता है और दूसरी तरफ से रामपुर रोड पर मिलता है जहां पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात को सुचारू ढंग से चलाने के लिए तीन नंबर गेट पर हमेशा के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान की तैनाती की जाए। ट्रांसपोर्टरों ने यातायातनगर का निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यातायातनगर के शौचालय की स्थिति काफी बदतर है। ज्ञापन देने वालों में महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी, महासचिव उमेश पांडे , संयोजक दयाकिशन शर्मा, देवभूमि व्यापार मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, वीरेंद्र सिंह, मोहन महतोलिया, उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी आदि शामिल थे।

# रम्पुरा पुलिस ने लाखों कीमती स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कार्रवाई

● एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

रम्पुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी। पुलिस के मुताबिक चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही। इसी दौरान पुलिस चैकिंग करते हुए रम्पुरा क्षेत्र में पहुंची। तभी पुलिस को देख एक व्यक्ति छिपने लगा। पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक उसके पास से 40.06 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मनोज उर्फ टाकुली पुत्र कालीचरण निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा थाना रुद्रपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि स्मैक तस्कर से पूछताछ की जा रही है। स्मैक कहां से लेकर आता है, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। बरामद स्मैक कीमत करीब 4 लाख बताई जा रही है। टीम में एएसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी, महेन्द्र कुमार आदि शामिल थे। बता दें कि पुलिस नशे के खिलाफ धरपकड़ को अभियान चला रही है

# रुद्रपुर में आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन




रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

यहां स्टेडियम में हंस स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन हो गया। समापन के मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा, नारायण अस्पताल के एमडी डा प्रदीप अदलखा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विधायक ने प्रदेश से आए हुए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बार-बार हो, ताकि क्षेत्र की प्रतिमाएं खेलों में आगे बढ़ सकें। आयोजक अमन अरोरा के मुताबिक प्रतियोगिता के समापन में पुरुष एकल विनर यासीन अंसारी एवं रनर के लिए शुभम कुमार, पुरुष डबल्स के लिए मोहित तिवारी,जीवन बोरा, रनर अप के लिए शुभम कुमार, रजत कुमार, अंडर 17 सिंगल के विनर के रूप में शौर्य यादव एवं रनर अप यथार्थ किरोला,17 डबल्स के लिए विनर आर्यन एवं श्रेया, रनर के लिए शौर्य यादव, यथार्थ किरोला को ट्रॉफी व नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने समापन के मौके पर पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ रामजी मौर्य,विष्णु सक्सेना, हरनाम चौधरी, मानस जायसवाल,राजकुमार खनिजो, नरेंद्र अरोरा,मोहित देव,अमित अग्रवाल ,गुरु सुतार आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम आयोजन में मैच रेफरी लोकेश सिंह राठौर, राहुल राज की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन शरद जोशी ने किया।

## अवैध रूप से संचालित होटल रैस्ट हाउसों के विरुद्ध कार्रवाई

नैनीताल । नगर में जिला प्रशासन समेत अन्य विभागों की संयुक्त टीम का अवैध रुप से संचालित होटल रैस्ट हाउसों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। तीसरे दिन यानी सोमवार को अभियान में उतरी टीम ने मालरोड क्षेत्र के होटलों में छापेमारी की। बिना पंजीकरण संचालित हो रहे दो होटल स्वामियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई वहीं दो को पर्यटन विभाग की ओर से नोटिस जारी किये गए।

# वाहन चोर नगर में सक्रिय, सलाखों के पीछे भेजा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में वाहन चोर वाहनों को चुराने से बाज नहीं आ रहे हैं हालांकि पुलिस ने कई वाहन चोरों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है लेकिन फिर भी वाहन चोर नगर में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

वाहन चोरों ने अब मुखानी थाना क्षेत्र से एक बाइक चोरी करके पुलिस को चुनौती दी है वाहन स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पनियाली निवासी सौरभ आर्य पुत्र रंजीत राम 3 दिन पूर्व अपनी बाइक पर सवार होकर कमल हुआ गंज किसी कार्य से गया था उसने अपनी वहां को चौराहे पर खड़ा कर वह अपने फोन पर बात कर करने लगा फोन पर बात करते-करते वह आगे निकल गया कितने में ही दो लोग उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। उसने मामले की सूचना मुखानी थाना पुलिस को दी पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन चोरी की तलाश शुरू कर दी।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय पार्किंग समिति के संबंध में बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को नैनीताल कैंप कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय पार्किंग समिति के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रुप से कचहरी परिसर नैनीताल में निर्मित बहुमंजिला पार्किंग के संचालन हेतु पार्किंग संचालन, सिंधी चौराहा स्थित सिंचाई विभाग की भूमि पर निर्मित सरफेस पार्किंग संचालन, गरमपानी में निर्मित सरफेस पार्किंग के संचालन, बाई पास पार्किंग, भीमताल आदि इलाकों में स्थाई और अस्थाई पार्किंग को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि कचहरी परिसर नैनीताल, सिंधी चौराहा स्थित सिंचाई विभाग पार्किंग संचालन के टेंडर प्रक्रिया में रुकावट आ रही है। उक्त पार्किंग में दो बार निविदा प्रक्रिया करने पर भी किसी निविदादाता द्वारा प्रतिभाग नही किया गया, वर्तमान में पर्यटन सीजन के दृष्टिगत पार्किंग की नितांत आवश्यकता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपरोक्त पार्किंग स्थलों को एक जून से (ट्रायल) परीक्षण के लिए 6 माह तक विकास प्राधिकरण को अनुबंध के साथ संचालित करने के निर्देश दिए,जिससे लोगों को पार्किंग संबंधी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, और यदि दरों को संशोधित करने की आवश्यकता है तो विभाग वास्तविक आय के आधार पर निर्णय ले सके । बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने 15 जून को कैंची धाम में होने वाले मेले से पहले भवाली, नैनीबैंड बाई पास और भवाली में पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। भवाली में परिवहन विभाग की पार्किंग को समय से संचालित करने के साथ ही कैंची से भवाली,नैनीताल आदि आस पास के इलाकों में शटल सेवा चलाने के की बात कही। जिससे कैंची, निगलाट, भवाली आदि मार्गों में जाम की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने पाइंस के पास आईटीआई, जीजीआई सी हल्द्वानी, भीमताल बाई पास- मत्स्य विभाग के पास आदि इलाकों का सर्वे कर अस्थाई पार्किंग पर्यटन सीजन हेतु चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ नैनीताल को नगर पालिका पार्किंग में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने एसडीएम को अतिक्रमण वाले इलाकों को चिन्हित कर चालान करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक यातायात हरबंस सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, एसडीएम प्रमोद कुमार, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, जेई डीडीए अंकित सिंह बोरा, सहायक अभियंता नगर निगम हल्द्वानी नवल नौटियाल आदि रहे।